दिन– शनिवार दिनांक– 08 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए बढ़ाया। स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने की दी मंजूरी।

02. उच्चतम न्यायालय ने बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक मामले में इक्यावन परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय आज विकसित बिहार के लक्ष्य के लिए औरंगाबाद, बांका और बेगूसराय समेत नौ जिलों के मुखिया से संवाद करेंगे।

04. और, तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में औसत तापमान में कमी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान दो दिन के बाद तापमान में होगी बढ़ोतरी।

——————————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के विस्तार को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुये कहा कि इससे सफाईस कर्मचारियों का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा।

———बाईट———

श्री वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने एक अन्य निर्णय के तहत स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने के लिए आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये की राशि की मंजूरी दी है। दो हजार बाईस–तेईस से दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक इस कार्यक्रम के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

———बाईट———

आज स्किल इंडिया प्रोग्राम को आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये नया अप्रूवल मिला है और इसमें बड़ा फोकस लाया गया है कि कन्वर्जन्स पर बहुत ध्यान हो, क्वालिटी पर बहुत ध्यान हो और इस तरह से हो कि जिससे कार्डिनेशन बने विभिन्न सेक्टर्स में।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कृषि विभाग के तहत विभिन्न पदों पर चयनित एक हजार सात अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। श्री कुमार पटना स्थित इंदिरा

गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भवन का उद्‌घाटन भी करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———कट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री चयनित चौवन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और आठ सौ तिरेपन प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री पटना के शेखपुरा में प्रदेश के एक मात्र मल्टीसुपर स्पेशलियटी अस्पताल, आईजीआईएमएस में पांच सौ बेड के अस्पताल भवन की दो विंग का भी उद्‌घाटन करेंगे। इस भवन से मेडिसिन, जनरल सर्जरी और स्त्री और प्रसूति रोग के मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिल सकेगी। इन दोनों कार्यक्रमों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा कृषि मंत्री मंगल पांडेय भी शामिल होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

सांसद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दरभंगा हवाई अड्डे का नाम कवि कोकिल विद्यापति करने का अनुरोध किया है। श्री झा ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान केन्द्र सरकार से यह मांग की। उन्होंने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट उड़ान योजना के अन्तर्गत देश का सबसे सफल एयरपोर्ट है। उन्होंने कहा कि मिथिला के महान कवि विद्यापति का भारतीय साहित्य और भक्ति परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष दो हजार बीस में तत्तकालीन केन्द्रीय उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर भी यह मांग की थी।

———————————————————————

स्वास्थ्य और कृषि मंत्री मंगल पांडेय आज प्रदेश के नौ जिलों के मुखिया से संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, रोहतास, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, अरवल और लखीसराय के मुखिया शामिल होंगे। श्री पांडेय ने बताया कि इस संवाद का उद्‌देश्य वर्ष दो हजार सैंतालीस तक स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास के लक्ष्य को हासिल करते हुये सशक्त पंचायत विकसित बिहार का निर्माण करना है।

———————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक मामले में इक्यावन परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। इन परीक्षा केन्द्रों में पटना के बापू परीक्षा सभागार की रद्द परीक्षा वाले बाईस केन्द्र और इक्कीस जिलों के उन्नीस केन्द्र शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुये कहा कि सीसीटीवी फुटेज नष्ट होने पर बीपीएससी और राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इधर, पटना हाई कोर्ट में इस मामले से संबंधित दायर याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की सम्भावना है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के एक लाख नब्बे हजार शिक्षकों के तबादले के प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटिनी के लिए सोलह सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के उप निदेशक, उप सचिव तथा सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारी शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों का तबादला श्रेणी के अनुसार चरणवार होगा। इधर, सक्षमता परीक्षा में छूटे उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसिलिंग उनके कार्यरत जिले में सत्रह से उन्नीस फरवरी के बीच की जायेगी।

———————————————————————————

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी चार मई को आयोजित की जायेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए के अनुसार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू हो गयी है। अभ्यर्थी सात मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में जमीन की जमाबंदी में सुधार के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की जाएगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को शिविर का आयोजन कर पन्द्रह मार्च तक ऐसे मामले निपटाने के आदेश दिये गये हैं।

———————————————————————————

पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए राज्य के सभी ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना की कार्य योजना तैयार कर ली गयी है। अब पंचायत समिति की योजना पूर्ण करने की आखिरी तारीख अट्ठाईस फरवरी है। वहीं, जिला परिषद के लिए योजनाओं को पूरा करने की समय सीमा इस वर्ष इकतीस मार्च तक निर्धारित की गयी है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सभी सत्तर विधानसभा सीटों के लिए वोटों की गिनती जारी है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जा रही है। चुनाव परिणाम की ताजा स्थिति के अनुसार चौंसइ सीटों के रूझान आए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी सैंतीस और आम आदमी पार्टी छब्बीस सीटों पर आगे है। एक सीट पर कांग्रेस आगे है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस के बीच है।

———————————————————————————

तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के औसत तापमान में कमी आई है। रूक—रूक कर चल रही तेज हवा के प्रभाव से धूप खिलने के बावजूद ठंड का असर

बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से......

———म्यूजिक———

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले में एक मंडप स्थापित किया है। इसमें सरकारी योजनाओं और आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित एक आदर्श गांव के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से—

———वीसी———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का अंतिम संस्कार आज सुपौल जिले के मरौना प्रखंड स्थित कमरैल गांव में किया जायेगा। कामेश्वर चौपाल का नई दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

———————————————————————————

पूर्णियां जिले में राज्य उच्च पथ संख्या पैंसठ के फोरलेन और विभिन्न प्रखंडों के पूर्णियां एयरपोर्ट से सीधे सम्पर्क के लिए सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं को कैबिनेट से स्वीकृति के बाद सभी कार्यों को शीघ्रता से पूरा कराया जा रहा है।

———————————————————————————

रोहतास पुलिस ने शिवसागर थाना क्षेत्र के टॉल प्लाजा के पास वाहन जांच के दौरान अंतरराज्यीय गिरोह के पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लगभग तीन करोड़ रूपये मूल्य के विभिन्न कम्पनियों के इलेक्ट्रानिक्स सामान जब्त किया गया है।

———————————————————————————

इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान कल विभिन्न जिलों से चौदह परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित कर दिया गया जबकि दो फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। ग्यारहवें दिन लॉनबॉल के पुरूष एकल स्पर्धा में चंदन कुमार का कांस्य पदक तय हो गया हैं। चंदन आज रजत और स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगे। वहीं, लॉनबॉल की महिला ट्रिपल स्पर्धा में बिहार की खुशबु कुमारी, निखत खातून और पायल प्रीति की तिकड़ी ने मणिपुर की टी को अठारह–पन्द्रह से हराकर कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया है। महिलाओं की ट्रिपल प्रतियोगिता में आज सेमीफाईनल में बिहार का मुकाबला दिल्ली से होगा। बिहार की उम्मीदें एथलेटिक्स, तलबारबाजी, कुश्ती और मॉडल पेंटाथलॉन पर भी टिकी है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नए आयकर विधेयक को कैबिनेट से मिली मंजूरी। अखबार लिखता है– कौशल विकास के लिए आठ हजार आठ सौ करोड़ रूपये जारी।

दैनिक जागरण ने आरबीआई की रिपोर्ट को प्रमुखता से प्रकातिश करते हुये लिखा है– घटेगा ब्याज, कम होगी इएमआई। समिति ने पांच साल बाद रेपो रेट में शून्य दशमलव दो पांच प्रतिशत की कटौती की।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जुड़ी खबर को लीड बनाते हुये लिखा है– मुख्यमंत्री ने जमुई जिले को दी आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये से अधिक की सौगात।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– इसरो ने सैटेलाईट से बिहार में खोजी चार हजार पांच सौ आर्द्र भूमि, एक हजार का सत्यापन।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतगणना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए बढ़ाया। स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने की दी मंजूरी।

02. उच्चतम न्यायालय ने बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक मामले में इक्यावन परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय आज विकसित बिहार के लक्ष्य के लिए औरंगाबाद, बांका और बेगूसराय समेत नौ जिलों के मुखिया से संवाद करेंगे।

04. और, तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में औसत तापमान में कमी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान दो दिन के बाद तापमान में होगी बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।